बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका संख्या :– 01 / भू0अ0नि0(9)विविध(R2R)–08 / 2021...1925..... **पटना, दिनांक :–**14-07-2021

आदेश

भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा R2R (Recruitment to Retirement) कार्मिक प्रबन्धन सॉफ्टवेयर का निर्माण कराया गया है, जिस संदर्भ में सॉफ्टवेयर के उपयोग हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश (Manual) पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त किया जा चुका है।

सॉफ्टवेयर के विधिवत/सुचारू रूप से संचालन से पूर्व सॉफ्टवेयर का परीक्षण भी किया गया है। सॉफ्टवेयर के संचालन से विशेष सर्वेक्षण कर्मियों से संबंधित अधिक से अधिक डाटा यथा पदस्थापन, स्थानान्तरण, उपस्थिति एवं व्यक्तिगत विवरण का संधारण/अनुश्रवण करने में सुविधा हुई है।

1. उक्त सॉफ्टवेयर के विधिवत/सुचारू रूप से संचालन हेतु निम्नांकित व्यवस्था की जाती है :–

i. निदेशालय अन्तर्गत सभी प्रकार के नियोजन/पदस्थापन एवं स्थानान्तरण आदि से संबंधित कार्य उक्त सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही संचालित किए जायेंगे।

ii. भविष्य में स्थापना संबंधी अन्य मामलों को भी इसी सॉफ्टवेयर के माध्यम से संचालित किया जाएगा।

2. उक्त सॉफ्टवेयर के संचालन से संबंधित दिशा–निर्देश, Operating Manual के साथ यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड सभी समाहर्त्ता–सह–बंदोबस्त पदाधिकारी/बंदोबस्त पदाधिकारी को निदेशालय पत्रांक 1427 दिनांक 13.04.2021 एवं पत्रांक 1597 दिनांक 09.06.2021 द्वारा पूर्व में भेजा जा चुका है।

उपरोक्त परिपेक्ष्य में निदेशित किया जाता है कि भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय अन्तर्गत सभी संबंधित कार्यालय अपने अधीनस्थ कर्मियों (नियमित/संविदा) का स्थानान्तरण/पदस्थापन/ प्रतिनियुक्ति आदि का कार्य एवं उससे संबंधित डाटाबेस का संधारण उक्त सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही कराना सुनिश्चित करेंगे।

3. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू समझा जाएगा।

4. प्रस्ताव पर माननीय विभागीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।

(जय सिंह) 14/7/21
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(9)विविध(R2R)–08 / 2021...1925..... **पटना, दिनांक :–**14-07-2021

प्रतिलिपि :– सहायक निदेशक/उप सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी/सभी संबंधित कार्यपटल एवं प्रभारी, आई0टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(जय सिंह)
निदेशक

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक :— 01 / भू0अ0नि0(9)विविध(R2R)—08 / 2021...1925... **पटना, दिनांक** :—14-07-2021

प्रतिलिपि :— समाहर्त्ता—सह—बंदोबस्त पदाधिकारी, गोपालगंज, सारण, सिवान, पटना, समस्तीपुर, औरंगाबाद, गया, बक्सर, भोजपुर, कैमूर, नवादा, मुजफ्फरपुर, वैशाली, मधुबनी, दरभंगा, भागलपुर, मोतिहारी एवं रोहतास / बंदोबस्त पदाधिकारी / सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी(मुख्यालय), नालंदा, शेखपुरा, मुंगेर, लखीसराय, बेगूसराय, खगड़िया, जहानाबाद, अरवल, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, कटिहार, किशनगंज, अररिया, सीतामढ़ी, शिवहर, प0 चम्पारण, पूर्णियाँ, बांका एवं जमुई को निदेशालय पत्रांक 1597 दिनांक 09.06.2021 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(जय सिंह)
निदेशक

ज्ञापांक :— 01 / भू0अ0नि0(9)विविध(R2R)—08 / 2021...1925... **पटना, दिनांक** :—14-07-2021

प्रतिलिपि :— अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

(जय सिंह)
निदेशक

ज्ञापांक :— 01 / भू0अ0नि0(9)विविध(R2R)—08 / 2021...1925... **पटना, दिनांक** :—14-07-2021

प्रतिलिपि :— माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

(जय सिंह)
निदेशक
14/7/21